**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं.** *235
(16 **दिसम्बर**, 2025 **को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना**

**(मनरेगा) के अंतर्गत श्रमिकों की भागीदारी**

*235. **एडवोकेट अदूर प्रकाश:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को केरल सहित कई राज्यों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में कामगारों की राज्य-वार घटती भागीदारी की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कामगारों की घटती भागीदारी की कोई समीक्षा की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत सात वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कामगारों की भागीदारी का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास मंत्री**
**(श्री शिवराज सिंह चौहान)**

**(क) से (घ)**: विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**लोक सभा में दिनांक** 16.12.2025 **को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या** 235 **के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(**क**) **से (घ)**: उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) प्रत्येक परिवार को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के गारंटीकृत मजदूरी रोजगार की गारंटी देती है, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल श्रम कार्य करने के इच्छुक हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोई बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध न होने की स्थिति में यह एक वैकल्पिक रोजगार है। चूंकि, जमीनी स्तर पर महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है, अत: यह मंत्रालय अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने और मांग के अनुसार समय पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नियमित रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के साथ कार्यान्वयन की समीक्षा करता है। वित्त वर्ष 2025-26 में (दिनांक 11.12.2025 तक), काम की मांग करने वाले 99.70% ग्रामीण परिवारों को रोजगार की पेशकश की गई है।

केरल सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रदान किए गए रोजगार में वृद्धि/कमी के साथ कोई भी भिन्नता, पात्र ग्रामीण परिवारों द्वारा किए गए काम की मांग और प्रस्तावित रोजगार की तुलना में श्रमिकों द्वारा प्राप्त रोजगार पर निर्भर करती है। हालांकि, रोजगार की मांग, पेशकश किए गए रोजगार के लगभग बराबर है तथापि, श्रमिकों द्वारा प्राप्त किए गए रोजगार में कमी का कारण, श्रमिकों द्वारा पेशकश किए गए रोजगार का लाभ न उठाया जाना है। ऐसा कहीं और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होने, बीमारी या किसी अन्य प्रासंगिक कारक के कारण हो सकता है। इसके अलावा, कहीं और बेहतर रोजगार के अवसरों या अच्छे मानसून के मौसम के कारण इस योजना के तहत रोजगार की मांग वर्ष-दर-वर्ष अलग-अलग रहती है।

इस योजना के प्रावधानों के संबंध में जागरूकता लाने और महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए, सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र इस अधिनियम के प्रावधानों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए दीवार पर पेंटिंग सहित उपयुक्त सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान चलाते हैं, पंजीकरण प्रणाली के दायरे और कवरेज का विस्तार करते हैं ताकि महात्मा गांधी नरेगा

के तहत काम की मांग अपंजीकृत न रहे, भागीदारी पद्धति में योजनाएं तैयार करते हैं और उन्हें ग्राम सभा में अनुमोदित करते हैं तथा 'रोजगार दिवस' का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करते हैं।

मंत्रालय नियमित रूप से महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा करता है, जिसमें मध्यावधि समीक्षा, श्रम बजट बैठकें, श्रम बजट संशोधन बैठकें, कार्यक्रम समीक्षा बैठकें जैसे विभिन्न मंचों के माध्यम से श्रमिक भागीदारी के रुझान शामिल हैं।

पिछले सात वित्तीय वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 (दिनाँक 11.12.2025) के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत रोजगार प्रदान किए गए श्रमिकों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

**लोक सभा में दिनांक 16.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 235 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पिछले सात वित्तीय वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 (दिनाँक 11.12.2025) के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत रोजगार प्रदान किए गए श्रमिकों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| क्र. सं. | राज्य | रोजगार प्रदान किए गए श्रमिक | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 6909542 | 6500099 | 7952471 | 7737145 | 7599041 | 7542774 | 7523192 | 6437654 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 169235 | 182670 | 243521 | 278558 | 287823 | 282304 | 311416 | 312296 |
| 3 | असम | 2458226 | 2770697 | 3571816 | 3987152 | 3429176 | 3347046 | 2635656 | 1741219 |
| 4 | बिहार | 3360577 | 3832298 | 5814920 | 5411860 | 5775151 | 5383600 | 5622579 | 5003773 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 4568868 | 4544184 | 6017874 | 5506469 | 4719032 | 4414138 | 4483974 | 2691215 |
| 6 | गोवा | 1161 | 1751 | 4365 | 3478 | 3862 | 2186 | 3192 | 2326 |
| 7 | गुजरात | 1516947 | 1326194 | 1931861 | 1843874 | 1630751 | 1511621 | 1306277 | 900961 |
| 8 | हरियाणा | 326861 | 364019 | 651129 | 569854 | 440703 | 524003 | 478818 | 355310 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 736077 | 716133 | 891622 | 995654 | 880712 | 949218 | 1026193 | 635097 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 981253 | 920942 | 1127905 | 1085127 | 989074 | 993446 | 1055750 | 770496 |
| 11 | झारखंड | 1623143 | 1762509 | 3204487 | 3099049 | 2497483 | 2559494 | 2311373 | 2299269 |
| 12 | कर्नाटक | 3934472 | 4108973 | 5668569 | 6361291 | 5315915 | 5402381 | 5172297 | 3631775 |
| 13 | केरल | 1708184 | 1654129 | 1882654 | 1898995 | 1758623 | 1661622 | 1540284 | 1310876 |
| 14 | लद्दाख | 0 | 37035 | 38058 | 37457 | 39176 | 36516 | 37175 | 34838 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 6672026 | 6166051 | 10530733 | 9568909 | 7550368 | 6373186 | 5772978 | 5218046 |
| 16 | महाराष्ट्र | 3275525 | 2745962 | 3109789 | 3688009 | 3706159 | 4128113 | 5112002 | 5133912 |
| 17 | मणिपुर | 570353 | 590185 | 604230 | 593711 | 374635 | 503268 | 565784 | 513700 |
| 18 | मेघालय | 679527 | 715056 | 752426 | 731124 | 645192 | 629087 | 544506 | 459578 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | मिजोरम | 199965 | 208131 | 222695 | 213601 | 218722 | 211413 | 211355 | 216948 |
| 20 | नागालैंड | 416321 | 425990 | 418825 | 463815 | 491446 | 468211 | 216384 | 271253 |
| 21 | ओडिशा | 3366339 | 3731602 | 6214748 | 5553162 | 5174500 | 4991241 | 3376769 | 2938674 |
| 22 | पंजाब | 824278 | 908128 | 1184204 | 1072149 | 1018291 | 1015694 | 984903 | 850136 |
| 23 | राजस्थान | 7537391 | 8051944 | 11097642 | 10085964 | 8807151 | 8696618 | 7723342 | 5206718 |
| 24 | सिक्किम | 72178 | 67515 | 76985 | 74550 | 71020 | 70327 | 68677 | 58880 |
| 25 | तमिलनाडु | 6524708 | 6488785 | 7852828 | 7995928 | 7579248 | 7939116 | 7433984 | 5739793 |
| 26 | तेलंगाना | 4252199 | 4074689 | 5428833 | 4878034 | 4544958 | 4062113 | 4244192 | 3045572 |
| 27 | त्रिपुरा | 739389 | 784279 | 833409 | 852746 | 819752 | 843062 | 813537 | 720468 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 6148180 | 6450465 | 11603211 | 9543735 | 8367851 | 8128130 | 7583469 | 5528099 |
| 29 | उत्तराखंड | 637929 | 660783 | 909281 | 792067 | 681227 | 638095 | 575358 | 308756 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 7425666 | 7968168 | 11826053 | 11121629 | 2020079 | 9415 | 0 | 0 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 7080 | 6924 | 9532 | 5715 | 5387 | 5025 | 3523 | 1508 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2188 | 10496 | 6294 |
| 33 | लक्षद्वीप | 259 | 124 | 75 | 24 | 101 | 77 | 0 | 0 |
| 34 | पुदुचेरी | 35931 | 43092 | 53406 | 41030 | 45511 | 58705 | 50264 | 50034 |
| | कुल | 77679790 | 78809506 | 111730157 | 106091865 | 87488120 | 83383433 | 78799699 | 62395474 |

(नरेगासॉफ्ट के अनुसार)